जबसे तेरी लगन लगी दिल हुआ दीवाना है

सांवरे से मिलने का सत्संग ही बहाना है,
जबसे तेरी लगन लगी दिल हुआ दीवाना है……

जबसे तुम्हे देखा है तबसे तुम्हे चाहा है,
श्याम तेरी मुरली का दिल हुआ दीवाना है,
सांवरे से मिलने का सत्संग ही बहाना है……….

सबसे नाता तोड़ लिया तुमसे नाता जोड़ लिया,
श्याम तेरे चरणों में अब जीना और मरना है,
सांवरे से मिलने का सत्संग ही बहाना है …..

तुम ही मेरे प्राण पिया तुम ही मेरे संग सखा,
दुनिया वाले क्या जाने मेरा नाता पुराना है,
सांवरे से मिलने का सत्संग ही बहाना है ……

मंदिरों में ढूंढा तुम्हे जंगलो में ढूंढा तुम्हे ,
संतों की महफ़िल में मेरे श्याम का ठिकाना है ,
सांवरे से मिलने का सत्संग ही बहाना है…..

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27212/title/jabse-teri-lagan-lagi-dil-hua-diwana-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |